**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1616**
**दिनांक 10 फरवरी, 2026 / 21 माघ, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**पार्किंग स्थलों का आधुनिकीकरण**

**†1616. श्री मनीश तिवारी:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) चंडीगढ़ नगर निगम (एमसीसी) द्वारा अगस्त 2022 में चंडीगढ़ के 89 सशुल्क पार्किंग स्थलों को फास्टैग-सक्षम, कैशलेस भुगतान और तत्काल निगरानी के माध्यम से आधुनिक बनाने के लिए शुरू की गई परियोजना का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) इस परियोजना के कार्यान्वयन की मूल समयसीमा क्या है तथा अब तक हुए विलंब के क्या कारण हैं और करों और संविदा शर्तों से संबंधित विवाद क्या हैं;**

**(ग) प्रस्ताव के लिए अनुरोध प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या अनुबंध प्रदान किया गया है, साथ ही परियोजना से अनुमानित वार्षिक राजस्व कितना है और जुलाई 2024 से वास्तविक मासिक राजस्व की राशि कितनी है;**

**(घ) क्या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा एमसीसी को आगे बढ़ने से पहले एक यथास्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ऐसी प्रस्तुति की तारीख क्या है और परियोजना के पूरी तरह से कार्यशील होने की समयसीमा क्या है; और**

**(ङ) प्रणाली के शुरू होने के बाद अनुबंध और कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ङ): संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ प्रशासन ने सूचित किया है कि नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने 27.01.2026 से सभी सशुल्क पार्किंग स्थलों पर MCOnePass नामक एकल पार्किंग पास लागू कर दिया है।

**लोक सभा. आतारांकित प्रश्न संख्या 1616 दिनांक 10.02.26**

अनुबंध में पारदर्शिता, डिजिटल भुगतान, इलेक्ट्रॉनिक रसीदें, रियल-टाइम निगरानी, केंद्रीकृत डैशबोर्ड-आधारित रिपोर्टिंग तथा बैंक-प्रेरित डिजिटल अवसंरचना के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी।

जुलाई 2024 से सशुल्क पार्किंग संचालन से कुल ₹22,43,90,681/- का राजस्व प्राप्त हुआ है और परिचालन लागत घटाने के पश्चात शुद्ध वास्तविक राजस्व ₹10,21,71,097/- है।

*****